**भारत सरकार**
**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या : 353**
**उत्तर देने की तारीख : 19.12.2024**

## ओडिशा में योजनाओं का कार्यान्वयन

***353. श्री प्रदीप पुरोहित :**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान ओडिशा में विशेषतः झारसुगुड़ा और बारगढ़ जिलों में विभिन्न योजनाओं के तहत कितने लाभार्थियों ने सहायता प्राप्त की है;
(ख) ओडिशा में विशेषतः उक्त जिलों में उक्त अवधि के दौरान उक्त योजनाओं के तहत आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का योजनावार ब्यौरा क्या है;
(ग) उक्त अवधि के दौरान ओडिशा में विशेषतः उक्त जिलों में कितने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) और स्टार्ट-अप स्थापित किए गए;
(घ) उक्त अवधि के दौरान ओडिशा में विशेषतः उक्त जिलों में एमएसएमई और स्टार्ट-अप के लिए आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;
(ङ) ओडिशा के उक्त जिलों में मुद्रा योजना, पीएमईजीपी और स्टैंड-अप इंडिया जैसी योजनाओं के तहत संस्वीकृत ऋणों का ब्यौरा क्या है; और
(च) इन ऋण योजनाओं के तहत कुल कितनी धनराशि संवितरित की गई और चुकाई गई?

**उत्तर**
**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री**
**(श्री जीतन राम मांझी)**

(क) से (च) : विवरण सभा पटल पर प्रस्तुत कर दिया गया है।

**<u>लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *353, जिसका उत्तर दिनांक 19.12.2024 को दिया जाना है, के भाग (क) से (च) के उत्तर में संदर्भित विवरण</u>**

(क) से (च) : सरकार एमएसएमई क्षेत्र के संवर्धन और विकास के उद्देश्य से विभिन्न केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं और कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करती है और इस प्रकार ओडिशा राज्य सहित रोजगार सृजन किया जा रहा है। इन योजनाओं/कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई), पीएम विश्वकर्मा (पीएमवी), सूक्ष्म और लघु उद्यम-क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) और एमएसएमई के कार्यनिष्पादन में वृद्धि और गतिवर्धन (रैम्प), एमएसएमई चैंपियंस योजना आदि शामिल हैं।

दिनांक 01.07.2020 को उद्यम पंजीकरण पोर्टल की शुरुआत के बाद से ओडिशा में अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों सहित अधिकतम 17,88,688 एमएसएमई पंजीकृत हुए हैं, जिनमें 82,72,656 व्यक्ति कार्यरत हैं। विवरण नीचे तालिका में दिया गया है:

i. उद्यम पंजीकरण :

| दिनांक 01/07/2020 की शुरुआत से दिनांक 15/12/2024 तक उद्यम और यूएपी के तहत सूचित किए गए पंजीकृत कुल एमएसएमई और रोजगार | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | जिला | सूक्ष्म | लघु | मध्यम | कुल | रोजगार |
| 1 | अखिल भारत | 5,56,71,816 | 7,30,843 | 68,924 | 5,64,71,583 | 23,84,99,489 |
| 2 | ओड़िशा | 17,72,769 | 14,823 | 1,096 | 17,88,688 | 82,72,656 |
| 3 | बारगढ़ | 55,247 | 405 | 23 | 55,675 | 1,73,940 |
| 4 | झारसुगुडा | 28,112 | 412 | 39 | 28,563 | 1,08,029 |

ii. सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई):

| सीजीटीएमएसई – गारंटियों की संख्या | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | जिला | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
| 1 | अखिल भारत | 8,46,650 | 8,35,592 | 7,17,020 | 11,65,786 | 17,24,073 |
| 2 | ओड़िशा | 26,167 | 28,288 | 25,788 | 34,081 | 56,392 |
| 3 | बारगढ़ | 634 | 700 | 628 | 808 | 1,486 |
| 4 | झारसुगुडा | 583 | 585 | 490 | 685 | 1,056 |
| सीजीटीएमएसई – अनुमोदित राशि (करोड़ रुपए में) | | | | | | |
| क्र.सं. | जिला | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
| 1 | अखिल भारत | 45,851 | 36,899 | 56,172 | 1,04,781 | 2,02,807 |
| 2 | ओड़िशा | 1,347 | 1,134 | 1,801 | 3,045 | 6,109 |
| 3 | बारगढ़ | 24 | 25 | 33 | 51 | 122 |
| 4 | झारसुगुडा | 34 | 26 | 47 | 65 | 119 |

iii. पीएम विश्वकर्मा :

दिनांक 17.9.2023 को पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत से अब तक उक्त दोनों जिलों में पीएम विश्वकर्मा योजना में पंजीकृत लाभार्थियों की कुल संख्या निम्नानुसार है:

| | सफल पंजीकरण | पूर्ण किए गए आधारभूत प्रशिक्षण | संस्वीकृत ऋण के आवेदन | संस्वीकृत ऋण की राशि (रुपए में) |
|---|---|---|---|---|
| अखिल भारत | 25,98,934 | 13,53,661 | 2,37,693 | 2053,63,94,288 |
| ओड़िशा | 92,335 | 29,716 | 4,352 | 38,45,65,499 |
| बारगढ़ | 1,572 | 598 | 197 | 1,84,97,000 |
| झारसुगुडा | 818 | 57 | 20 | 19,60,000 |

iv. उद्यमिता और कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी):

| क्र.सं. | वित्त वर्ष | अखिल भारत | | ओडिशा | | बारगढ जिला | | झारसुगुडा जिला | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आयोजित कार्यक्रमों की संख्या | लाभार्थियों की संख्या | आयोजित कार्यक्रमों की संख्या | लाभार्थियों की संख्या | आयोजित कार्यक्रमों की संख्या | लाभार्थियों की संख्या | आयोजित कार्यक्रमों की संख्या | लाभार्थियों की संख्या |
| 1 | 2019-20 | 6278 | 245510 | 78 | 3788 | 1 | 32 | 1 | 73 |
| 2 | 2020-21 | 530 | 27664 | 20 | 907 | 0 | 0 | 1 | 25 |
| 3 | 2021-22 | 717 | 59620 | 32 | 2559 | 1 | 72 | 0 | 0 |
| 4 | 2022-23 | 4732 | 218692 | 196 | 8616 | 2 | 100 | 6 | 409 |
| 5 | 2023-24 | 7,497 | 347042 | 222 | 10348 | 9 | 367 | 9 | 426 |
| 6 | 2024-25 (दिनांक 17.12.2024 तक) | 2993 | 149502 | 164 | 9234 | 2 | 80 | 4 | 359 |
| कुल | | 22747 | 1048030 | 712 | 35452 | 15 | 651 | 21 | 1292 |

v. प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी):

देशभर में पिछले पांच वर्षों के दौरान सहायता प्राप्त इकाइयों की संख्या, संवितरित मार्जिन मनी (एमएम) सब्सिडी, संस्वीकृत ऋण और अनुमानित सृजित रोजगार के मामले में पीएमईजीपी का कार्यनिष्पादन नीचे दिया गया है:-

| वर्ष | सहायता प्राप्त इकाइयों की संख्या | अनुमानित सृजित रोजगार | मार्जिन मनी सब्सिडी (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|---|
| वित्त वर्ष 2019-20 | 66,653 | 1,950.82 | 5707.92 |
| वित्त वर्ष 2020-21 | 74,415 | 2,188.80 | 6437.22 |
| वित्त वर्ष 2021-22 | 1,03,219 | 2,977.65 | 8773.23 |
| वित्त वर्ष 2022-23 | 85,167 | 2,722.17 | 8084.74 |
| वित्त वर्ष 2023-24 | 89,118 | 3,093.87 | 9,385.00 |

विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष अर्थात वित्त वर्ष 2019-2020 से वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ओडिशा राज्य और झारसुगुडा और बारगढ़ जिलों में सहायता प्राप्त इकाइयों, संवितरित मार्जिन मनी सब्सिडी और संस्वीकृत ऋणों के संदर्भ में पीएमईजीपी का कार्यनिष्पादन:

| वित्त वर्ष | ओडिशा | | | झारसुगुडा | | | बारगढ़ | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सहायता प्राप्त इकाइयों की संख्या | मार्जिन मनी (लाख रुपए में) | संस्वीकृत ऋण (लाख रुपए में) | सहायता प्राप्त इकाइयों की संख्या | मार्जिन मनी (लाख रुपए में) | संस्वीकृत ऋण (लाख रुपए में) | सहायता प्राप्त इकाइयों की संख्या | मार्जिन मनी (लाख रुपए में) | संस्वीकृत ऋण (लाख रुपए में) |
| वित्त वर्ष 2019-20 | 2,723 | 7,815.75 | 23,407.65 | 42 | 144.44 | 440.23 | 70 | 233.53 | 690.51 |
| वित्त वर्ष 2020-21 | 3,171 | 8,746.95 | 26,403.96 | 61 | 138.55 | 482.32 | 99 | 378.08 | 1,099.26 |
| वित्त वर्ष 2021-22 | 4,301 | 11,334.24 | 34,478.13 | 90 | 226.07 | 711.11 | 145 | 420.16 | 1,221.83 |
| वित्त वर्ष 2022-23 | 3,880 | 10,731.75 | 32,885.45 | 80 | 179.03 | 556.69 | 183 | 459.15 | 1,319.12 |
| वित्त वर्ष 2023-24 | 2,975 | 9,354.84 | 29,504.00 | 58 | 144.61 | 486.17 | 136 | 377.33 | 1,101.04 |
| वित्त वर्ष 2024-25 (दिनांक 16.12.2024 तक) | 926 | 2289.34 | 7,010.83 | 17 | 52.36 | 148.24 | 53 | 120.40 | 339.54 |

vi: स्टार्टअप इंडिया:

सरकार ने नवाचार, स्टार्टअप को बढ़ावा देने और देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम में निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम बनाने के इरादे से 16 जनवरी 2016 को स्टार्टअप इंडिया पहल शुरू की।

स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत, सरकार स्टार्टअप्स को उनके व्यापार चक्र के विभिन्न चरणों में समर्थन देने के लिए फंड ऑफ फंड्स फॉर स्टार्टअप्स (एफएफएस) और स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम (एसआईएसएफएस) जैसी प्रमुख योजनाओं को लागू कर रही है। उद्यम पूंजी निवेश को उत्प्रेरित करने के लिए एफएफएस की स्थापना की गई है और इसका संचालन भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) द्वारा किया जाता है, जो भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एसईबीआई)-पंजीकृत वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) को पूंजी प्रदान करता है, जो बदले में स्टार्टअप में निवेश करते हैं। एफएफएस के तहत समर्थित एआईएफ को स्टार्टअप में एफएफएस के तहत प्रतिबद्ध राशि का कम से कम दो गुना निवेश करना आवश्यक है। एसआईएसएफएस इनक्यूबेटरों के माध्यम से स्टार्टअप के प्रारंभिक चरण में वित्तीय सहायता प्रदान करता है। एसआईएसएफएस 1 अप्रैल 2021 से लागू किया गया है।

एफएफएस के तहत वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) ने स्टार्ट-अप्स में 20,572.14 करोड़ रुपए का निवेश किया है। एसआईएसएफएस के तहत इंक्यूबेटरों के लिए 902.74 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं।

दिनांक 31 अक्टूबर 2024 तक, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा 1,52,139 इकाइयों को स्टार्टअप के रूप में मान्यता दी गई है। पिछले पांच वर्षों अर्थात वर्ष 2019, 2020, 2021, 2022 और 2023 में 1,08,457 इकाइयों को स्टार्टअप के रूप में मान्यता दी गई है।

ओडिशा राज्य के लिए, 31 अक्टूबर, 2024 तक, 2,670 इकाइयों को स्टार्टअप के रूप में मान्यता दी गई है, जिनमें से 1,935 इकाइयों को पिछले पांच वर्षों अर्थात वर्ष 2019, 2020, 2021, 2022 और 2023 में स्टार्टअप के रूप में मान्यता दी गई है।

झारसुगुड़ा जिले में, 31 अक्टूबर, 2024 तक, 21 इकाइयों को स्टार्टअप के रूप में मान्यता दी गई है, जिनमें से 16 संस्थाओं को पिछले पांच वर्षों अर्थात वर्ष 2019, 2020, 2021, 2022 और 2023 में स्टार्टअप के रूप में मान्यता दी गई है।

बारगढ़ जिले में, 31 अक्टूबर, 2024 तक, 19 इकाइयों को स्टार्टअप के रूप में मान्यता दी गई है, जिनमें से 15 इकाइयों को पिछले पांच वर्षों अर्थात वर्ष 2019, 2020, 2021, 2022 और 2023 में स्टार्टअप के रूप में मान्यता दी गई है।

ओडिशा राज्य के लिए, स्वीकृत एआईएफ ने एफएफएस के तहत 31 अक्टूबर, 2024 तक 3 स्टार्टअप में 6.31 करोड़ रुपए का निवेश किया है।

ओडिशा राज्य के लिए, अनुमोदित इनक्यूबेटरों ने एसआईएसएफ के तहत 31 अक्टूबर, 2024 तक कुल 9.94 करोड़ रुपए के स्वीकृत वित्त पोषण के लिए 74 स्टार्टअप का चयन किया है।

vii. मुद्रा योजना (पीएमएमवाई):

| क्र.सं. | राज्य/जिला | प्रधानमंत्री मुद्रा (दिनांक 8.4.2015 को शुरुआत के बाद से दिनांक 01.11.2024 तक) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | ऋण खातों की संख्या | संस्वीकृत राशि (करोड़) | संवितरित राशि (करोड़) |
| 1 | अखिल भारत | 50,31,35,117 | 3128327.9 | 3054701.46 |
| 2 | ओडिशा | 3,26,02,092 | 143615.48 | 140640.41 |
| 3 | बारगढ़ जिला | 12,03,795 | 4449.75 | 4348.96 |
| 4 | झारसुगुडा जिला | 5,93,651 | 2447.97 | 2387.86 |

viii. स्टैंड-अप:

| क्र.सं. | राज्य/जिला | स्टैंड-अप इंडिया योजना (दिनांक 05.04.2016 में इसकी शुरुआत से दिनांक 31.10.2024 तक) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | ऋण खातों की संख्या | संस्वीकृत राशि (करोड़) | संवितरित राशि (करोड़) |
| 1 | अखिल भारत | 2,51,786 | 56,874.13 | 30549.24 |
| 2 | ओडिशा | 7390 | 1748.00 | 1186.60 |
| 3 | बारगढ़ जिला | 211 | 50.94 | 36.21 |
| 4 | झारसुगुडा जिला | 176 | 44.09 | 29.93 |

*****